संख्या- 28/2014/71-1-2014-जी-105/2013

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 27 अक्टूबर, 2014

विषय:- चिकित्सा शिक्षा विभाग (महानिदेशालय) उत्तर प्रदेश के वाहन चालक संवर्ग का पुनर्गठन।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एम0ई0/नजारत/2013/185, दिनॉक 28-02-2013 तथा पत्र संख्या-एम0ई0/नजारत/2013/738, दिनॉक 09-07-2013 का संदर्भ लेने का कष्ट करे।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाहन चालक संवर्ग के संबंध में कार्मिक अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन की अधिसूचना संख्या-13/12/93-क-1-2013, दिनॉक 08-05-2013 द्वारा प्रख्यापित उ0प्र0 सरकारी विभाग ड्राइवर सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली-2013 के प्राविधानों के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग (महानिदेशालय) उत्तर प्रदेश के वाहन चालक संवर्ग का पुनर्गठन निम्नवत् किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

पद का नाम	वेतनमान				
	वेतन बैण्ड	सादृश्य वेतन बैण्ड (रू0)	सादृश्य ग्रेड वेतन	पदों की संख्या	भर्ती की प्रक्रिया/ अर्हता
1	2	3	4	5	6
(1) ड्राइवर ग्रेड-4	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	1900	1 (एक)	<u>भर्ती का स्रोत</u> सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:- (1) ड्राइवर ग्रेड-4 (एक) 80 प्रतिशत पद सीधी भर्ती द्वारा (दो) 20 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त क्लीनरों और समूह-घ कर्मचारियों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो और

http://shasanadesh.up.nic.in

					यथास्थिति भारी या हल्के वाहन चलाने का 03 वर्ष से अन्यून अवधि का वैध ड्राइविंग लाइसेन्स रखता हो तथा किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्था से आठवी कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा: परन्तु यह कि यदि पदोन्नति हेतु पोषक संवर्ग में, पोषक संवर्ग या पात्र व्यक्ति उपलब्ध न हो, तो ऐसी रिक्तियों को उपखण्ड (एक) के अधीन सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जायेगा।
(2) ड्राइवर ग्रेड-3	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	2400	1 (एक)	(2) ड्राइवर ग्रेड-3 मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-4 में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 09 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
(3) ड्राइवर ग्रेड-2	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	2800	1 (एक)	(3) ड्राइवर ग्रेड-2 मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-3 में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को ड्राइवर ग्रेड-3 के पद पर 06 वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो या भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को ड्राइवर ग्रेड-4 और ड्राइवर ग्रेड-3 के पद पर कुल मिलाकर 15 वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
(4) ड्राइवर ग्रेड-1	वेतन बैण्ड-2	9300-34800	4200	1 (एक)	(4) ड्राइवर ग्रेड-1 मौलिक रूप से नियुक्त ड्राइवर ग्रेड-2 में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को ड्राइवर ग्रेड-2 के पद पर 03 वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो हो, पदोन्नति द्वारा।
			योग:-	04 (चार)	

http://shasanadesh.up.nic.in

3- यह आदेश कार्मिक अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-13/12/93-क-1-2013, दिनॉक 08 मई, 2013 द्वारा प्रख्यापित उ0प्र0 सरकारी विभाग सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2013 में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय

(संजय कुमार उपाध्याय)
संयुक्त सचिव

संख्या:- 28/2014(1)/71-1-2014 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, महानिदेशालय चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, लखनऊ।
4- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2,
5- कार्मिक अनुभाग-1
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in